प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक: 29/10/2026

भदोही पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जान से मारने की नीयत से दंपत्ति का अपहरण कर जानलेवा हमला करने वाले 03 शातिर अभियुक्त व 01 बाल अपचारी गिरफ्तार

दिनांक 28/10/2026 को वादी विभव सिंह पुत्र रणधीर सिंह निवासी ग्राम नेवादा कला, थाना भदोही द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि दिनांक 27/10/2026 को नामजद अभियुक्तों ने उनकी माता व पिता को जान से मारने की नियत से धारदार हथियारों के बल पर घर से उठा लिया। अभियुक्तों ने वादी के माता-पिता के साथ क्रूरतापूर्वक मारपीट एवं जान से मारने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा तत्काल तत्परता दिखाते हुए पीड़ितों को अस्पताल पहुँचाया गया। इस संबंध में थाना भदोही पर मु0अ0सं0-517/2026 धारा 109(1)/115(2)/117(2)/123/127/191(3)/352/351(3) बी.एन.एस. पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।

गिरफ्तारी का विवरण:-

श्री अभिनव त्यागी, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 28/10/2026 को थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा 03 अभियुक्तों और 01 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-

1. रविन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय वंशदेव सिंह, उम्र करीब 40 वर्ष, निवासी नेवादा कलां, थाना व जिला भदोही।

2. जिग्नेश सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी अस्ती, थाना व जिला भदोही।

3. संदीप सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी अस्ती, थाना व जिला भदोही।

4. अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. श्री अरविन्द कुमार चौहान (निरीक्षक/विवेचक),हे0का0 रमेश चन्द्र सिंह, का0 भूपेन्द्र सिंह यादव, का0 अरमान खां, का0 अस्पेन्द्र सिंह एवं का0 अजय कान्त थाना भदोही जनपद भदोही।